(ख) निपटाये गये अधिकांश मामले किस प्रकार के थे ;

(ग) क्या यह सच है कि प्राधिकरण के समक्ष आये सभी मामलों का निपटान नहीं किया जा सका ; और

(घ) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी० ए० संगमा) : (क) से (घ) इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

938. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान सेंट्रल कोलफील्डस लिमिटेड में क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये थे और इन लक्ष्यों को कहां तक प्राप्त किया जा सका :

(ख) उक्त कम्पनी द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में असफल रहने के क्या कारण हैं ;

(ग) क्या सरकार इन लक्ष्यों की प्राप्ति में असफल रहने के लिये उक्त कम्पनी के प्रबंधक वर्ग को जिम्मेदार मानती है ; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

कोयला मंत्रालय में उपमंत्री (श्री एस० बी० गनेंगोड़ा) : (क) माननीय सदस्य के इस सबध में आशय कच्चे कोयले के उत्पादन के लक्ष्यों से है। पिछले 5 वर्षों का वास्तविक उत्पादन तथा उत्पादन लक्ष्यों को नीचे दिया गया है :

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लि०

(मी– टन)

वर्ष	उत्पादन लक्ष्य	वास्तविक उत्पादन	प्रतिशतता में उपलब्धि
1986–87	25.00	25.14	100.56
1987–88	27.29	27.27	99.93
1988–89	28.00	28.07	100.25
1989–90	28.00	29.61	102.18
1990–91	29.17	30.05	103.02

(ख) से (ख) प्रश्न ही नहीं उठता।